Australian Government
Department of Infrastructure, Transport, Regional Development, Communications and the Arts

अक्टूबर 2023

# वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल (नैन्सी-बर्ड वाल्टन) हवाई अड्डा

Hindi

## प्रारंभिक उड़ान के पथ



नया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल (नैन्सी-बर्ड वाल्टन) हवाई अड्डा (WSI) 2026 के अंत तक माल ढुलाई, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए खोला जाना तय है।

WSI के प्रारंभिक उड़ान पथों के लिए पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य (EIS) का ड्राफ्ट अब सार्वजनिक प्रदर्शनी में है। EIS का ड्राफ्ट पर्यावरण और समुदाय पर प्रस्तावित उड़ान पथों के प्रभाव की जांच करता है। जनता को wsiflightpaths.gov.au/make-a-submission पर जाकर ड्राफ्ट EIS पर प्रस्तुतियाँ (सब्मीशन) देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

यह ब्रोशर प्रारंभिक उड़ान पथ निर्धारित करता है और कुछ प्रमुख कारकों की व्याख्या करता है जिन्होंने उनके डिजाइन को प्रभावित किया है।

## प्रारंभिक उड़ान पथ देखें

उड़ान पथ डिज़ाइन करना अत्यधिक तकनीकी कार्य है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विमान उड़ान पथों का उपयोग कर सकता है, इस कार्य में पूरी तरह से जाँच और समीक्षा करना शामिल है। डिज़ाइन को प्राथमिकता के रूप में सुरक्षा बनाए रखते हुए ग्रेटर सिडनी हवाई क्षेत्र के समुदाय, पर्यावरण, उद्योग और उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को संतुलित करना है।

आप **wsiflightpaths.gov.au** के माध्यम से एयरक्राफ्ट ओवरफ़्लाइट शोर टूल पर प्रारंभिक उड़ान पथ और अनुमानित प्रभाव देख सकते हैं। हम समझते हैं कि प्रारंभिक उड़ान पथों के बारे में आपके कई प्रकार के प्रश्न हो सकते हैं। आपके प्रश्नों का उत्तर देने के लिए, हम अपने सामुदायिक सूचना और फीडबैक सत्र में आपसे बात करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। आप हमें अपने प्रश्न ईमेल भी कर सकते/ती हैं या नीचे दिए गए नंबर पर कॉल कर सकते/ती हैं।

### अपनी बात रखें

आप एक प्रस्तुति (सबमिशन) देकर प्रारंभिक उड़ान पथों और EIS के ड्राफ्ट पर अपनी बात रख सकते/ती हैं।

प्रस्तुतियाँ इस प्रकार से प्रदान की जा सकती हैं:

- ऑनलाइन **wsiflightpaths.gov.au** पर
- **eis.submissions@infrastructure.gov.au** पर ई-मेल करके
- डाक द्वारा इस पते पर भेजकर
  Attn: WSI Flight Paths Team,
  GPO Box 594, CANBERRA ACT

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

प्रारंभिक उड़ान पथों को अधिक विस्तार से देखने के लिए **wsiflightpaths.gov.au** पर **एयरक्राफ्ट ओवरफ़्लाइट नॉइज़ टूल** पर जाएँ।

EIS का ड्राफ्ट और परियोजना की जानकारी हमारे **ऑनलाइन कम्युनिटी पोर्टल**: **wsiflightpaths.gov.au** पर देखें

अपने प्रश्न **हमें wsiflightpaths@infrastructure.gov.au** पर **ईमेल करें**

**हमें 1800 038 160** पर **कॉल करें**

**और अधिक जानने के लिए हमारे सामुदायिक सूचना और फीडबैक सत्रों में भाग लें और हमारी टीम के किसी सदस्य से बात करें।**

आप भाग लेने के लिए **wsiflightpaths.gov.au/visit-us** के माध्यम से पंजीकरण कर सकते/ती हैं

*हमारे ऑनलाइन कम्युनिटी पोर्टल तक पहुंचने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें।*

# वेस्टर्न सिडनी (पश्चिमी सिडनी) के लिए एक नया हवाई अड्डा

अप्रैल 2014 में, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने घोषणा है कि Badgerys Creek, वेस्टर्न सिडनी के लिए एक नए हवाई अड्डे का स्थल होगा। WSI 24 घंटे खुले रहने वाला हवाई अड्डा होगा जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों और माल ढुलाई सेवाओं को संभालने में सक्षम होगा।

WSI का चरण 1 अभी निर्माणाधीन है और यह 2026 के अंत तक खुल जाएगा। चरण 1 के विकास में एक सिंगल रनवे, एक सिंगल समन्वित घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्री टर्मिनल और सिडनी के परिवहन नेटवर्क के लिए सड़क और रेल लिंक शामिल हैं।

रनवे लगभग उत्तर-पूर्व/दक्षिण-पश्चिम या 050/230-डिग्री दिशानिर्देश (रनवे 05 और रनवे 23 के रूप में संदर्भित) पर केंद्रित है। इस रनवे एलाइनमेंट का मूल्यांकन और अनुमोदन, चरण 1 WSI विकास योजना प्रक्रिया के दौरान 2016 में किया गया था।


WSI शुरू में सालाना 10 मिलियन यात्रियों और माल परिचालन सहित साल 2033 तक प्रति वर्ष लगभग 81,000 हवाई यातायात गतिविधियों को संभालेगा। साल 2055 में सिंगल रनवे संचालन की क्षमता सालाना लगभग 37 मिलियन यात्रियों और प्रति वर्ष 226,000 हवाई यातायात आवाजाही तक पहुंचने की उम्मीद है। WSI के लिए भविष्य की योजना में एक दूसरा समानांतर रनवे शामिल है और हवाई अड्डे की साइट के भीतर इसके लिए स्थान आरक्षित किया गया है।

WSI की आर्थिक व्यवहार्यता और WSI द्वारा क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं में किए जाने वाले योगदान के लिए कर्फ्यू या अन्य परिचालन प्रतिबंधों के रहित संचालन करना महत्वपूर्ण है। WSI को प्रति दिन 24 घंटे और प्रति सप्ताह 7 दिन संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह सुनिश्चित करने के लिए भूमि उपयोग योजना नियंत्रण लगाए गए हैं कि WSI के निकट शोर प्रभावित क्षेत्रों में असंगत विकास को कम किया जाए।

# अभी क्या हो रहा है?

ऑस्ट्रेलियाई सरकार 2026 के अंत तक WSI में सिंगल रनवे संचालन के लिए उड़ान पथ विकसित करने के लिए जिम्मेदार है। हम वर्तमान में सिंगल रनवे संचालन के लिए प्रारंभिक डिजाइन और पर्यावरण के आकलन के चरण में हैं।


एक ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य (EIS) जारी किया गया है। EIS का ड्राफ्ट प्रस्तावित उड़ान पथों के शोर, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों की जांच करता है। अब हम औपचारिक सार्वजनिक प्रदर्शनी अवधि के हिस्से के रूप में EIS पर समुदाय से प्रतिक्रिया (फीडबैक) की मांग रहे हैं। इस अवधि के बाद, EIS को अंतिम रूप देने और उड़ान पथों को संशोधित करने में फीडबैक पर विचार किया जाएगा।




*WSI चरण 1 का विकास-कार्य*



*WSI रनवे निर्माण*



*WSI टर्मिनल निर्माण*


***WSI टर्मिनल निर्माण की तस्वीरें:*** *WSA Co*

# संचालन के रनवे मोड (तरीके)


आम तौर पर, विमान हवा में उतरते और उड़ान भरते हैं। मौजूदा हवा की स्थिति इस बात पर प्रभाव डालती है कि दिन और शाम के दौरान किस समय रनवे की दिशा का उपयोग किया जा रहा है। जब **रनवे 05** का उपयोग किया जाता है, तो सभी विमान दक्षिण-पश्चिम से आते हैं और उत्तर-पूर्व की ओर प्रस्थान करते हैं। जब **रनवे 23** का उपयोग किया जाता है तो सभी विमान उत्तर-पूर्व से आते हैं और दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रस्थान करते हैं।

रात में (रात 11 बजे से सुबह 5.30 बजे तक), जब हवाई यातायात की मांग कम होती है और जब मौसम की स्थितियाँ अनुमति देती हैं (आमतौर पर बारिश के बिना शांत हवा की स्थिति में), शोर के प्रभाव को कम करने के लिए पश्चिमी सिडनी के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों पर हेड-टू-हेड **रेसिप्रोकल रनवे ऑपरेशंस (RRO)** का उपयोग किया जा सकता है। इसका मतलब यह है कि विमान रनवे 05 पर उतरेगा - दक्षिण-पश्चिम से आएगा - और रनवे 23 पर उड़ान भरेगा - दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रस्थान करेगा।

### WSI दिन/शाम (सुबह 5.30 बजे से रात 11 बजे तक) रनवे संचालन के तरीके




### WSI रात्रि (रात 11 बजे से सुबह 5.30 बजे तक) संचालन के रनवे मोड




**RRO केवल रात में (रात 11 बजे से सुबह 5.30 बजे तक) उपयुक्त है जब हवाई यातायात की मांग का स्तर और मौसम की स्थिति अनुमति देती हो।*

## हवाई क्षेत्र डिजाइन के सिद्धांत

2015 में समग्र WSI चरण 1 विकास के लिए EIS के ड्राफ्ट की सार्वजनिक प्रदर्शनी के दौरान प्राप्त फीडबैक के जवाब में, पश्चिमी सिडनी हवाईअड्डा योजना ने 12 एयरस्पेस डिज़ाइन सिद्धांत निर्धारित किए हैं जिनका पालन करना डिज़ाइन प्रक्रिया के लिए आवश्यक है:

सुरक्षा पर समझौता नहीं किया जा सकता है|

जितना संभव हो सके आवासीय क्षेत्रों और शोर के प्रति संवेदनशील केंद्रों के ऊपर से उड़ान भरने से बचाव किया जाएगा|

जहां उड़ान पथ आवासीय क्षेत्रों से बचने में असमर्थ हैं:

- जहां संभव हो, इन क्षेत्रों में आने वाले और प्रस्थान करने वाले दोनों विमानों द्वारा ओवरफ्लो (बहुतायत) नहीं किया जाना चाहिए|
- शोर निवारण प्रक्रियाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए अनुकूलित किया जाना चाहिए कि निवासियों पर यथासंभव कम प्रभाव पड़े|

समुदाय पर रात के समय विमान संचालन के प्रभाव को कम करने के लिए हवाई अड्डे के संचालन में रूकावट न डालते हुए कार्यप्रणालियाँ विकसित की जाएंगी|

शोर कम करने के उपाय विकसित किये जायेंगे|

आगमन के समय जहां संभव हो वहां शोर और ग्रीनहाउस के प्रसार को कम करने के लिए निरंतर डिसेंट (अवतरण) पद्धति का उपयोग किया जाएगा|

विमान का आगमन किसी एक आवासीय क्षेत्र में सिंगल मर्ज पॉइंट के माध्यम से परिवर्तित नहीं होगा|


हवाई क्षेत्र का डिज़ाइन प्राकृतिक और दृष्टिगत रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर हवाई संचालन के प्रभावों पर विचार करेगा|

अंतिम उड़ान पथों को निर्धारित करने में समुदाय, हवाई अड्डा संचालकों और हवाई क्षेत्र उपयोगकर्ताओं से परामर्श किया जाएगा|

सिडनी (किंग्सफोर्ड स्मिथ) हवाई अड्डे पर वर्तमान शोर साझाकरण व्यवस्था में बदलाव से बचाव किया जाएगा

दक्षता और पर्यावरणीय प्रभावों में सुधार के लिए मौजूदा हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों, जैसे कि सैन्य प्रतिष्ठानों से जुड़े प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी|

सुनिश्चित होगा कि उच्चतम शोर जोखिम वाले क्षेत्रों में शोर संवेदनशील विकास को रोकने के लिए भूमि उपयोग योजना जारी रहे|




*2017 में एक दिन की अवधि में सिडनी हवाई अड्डे पर आने वाली (गोल्ड) और प्रस्थान करने वाली (ब्लू) सभी उड़ानें।*

## ग्रेटर सिडनी में मौजूदा हवाई अड्डे

ग्रेटर सिडनी क्षेत्र में दक्षिण में Sutherland और Bargo (सदरलैंड और बार्गो), उत्तर में Central Coast (सेंट्रल कोस्ट) और पश्चिम में Mt Victoria (माउंट विक्टोरिया) के बीच के क्षेत्र शामिल है।

ग्रेटर सिडनी हवाई क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया का सबसे व्यस्त हवाई क्षेत्र है। पश्चिमी सिडनी सहित अधिकांश क्षेत्रों में, वर्तमान में Sydney Kingsford-Smith, Bankstown, Camden (सिडनी किंग्सफोर्ड-स्मिथ, बैंकस्टाउन, कैमडेन) और आसपास के सैन्य अड्डों सहित मौजूदा हवाई अड्डों से आने-जाने वाले विमानों के द्वारा दैनिक विमान उड़ान के कुछ स्तर का अनुभव करते हैं।


उड़ान पथ डिजाइन प्रक्रिया में मनोरंजक विमानन गतिविधियों पर भी विचार करने की आवश्यकता है। इन उड़ानों में ग्लाइडर, बैलूनिंग, पैराशूटिंग और कई दैनिक आपातकालीन प्रतिक्रिया विमान गतिविधियां शामिल हैं।

ग्रेटर सिडनी हवाई क्षेत्र के बारे में और अधिक जानने के लिए कृपया हमारी **Airspace Constraints Fact Sheet** पढ़ें, जो **wsiflightpaths.gov.au/resources** पर उपलब्ध है।

## सुरक्षा संबंधी आवश्यकताएँ

सभी उड़ान पथ डिज़ाइनों को सिविल एविएशन (नागरिक उड्डयन) सुरक्षा प्राधिकरण के नियमों और मानकों, और अंतर्राष्ट्रीय सिविल एविएशन संगठन के मानकों और अनुशंसित प्रथाओं का पालन करना होगा।

इनमें विमानों को एक-दूसरे से सुरक्षित रूप से अलग करना और विमान तथा भू-भाग तथा अन्य बाधाओं के बीच निकासी का होना शामिल है।




*टर्मिनल नियंत्रण क्षेत्रों में विमान पृथक्करण के मानक*

## WSI के लिए प्रारंभिक उड़ान पथ


निम्नलिखित पृष्ठ WSI के प्रत्येक रनवे प्रणालियों के संचालन के लिए प्रारंभिक उड़ान पथ के डायग्राम्स (रेखा चित्र) दिखाते हैं। ये उड़ान पथ प्रारंभिक हैं और EIS ड्राफ्ट की सार्वजनिक प्रदर्शनी के दौरान प्राप्त प्रतिक्रिया पर विचार के बाद 2024 से विस्तृत डिजाइन तैयार किया जाएगा।

ऑनलाइन इंटरैक्टिव एप्लिकेशन में प्रारंभिक उड़ान पथों को बेहतर ढंग से संचारित करने के लिए एक एयरक्राफ्ट ओवरफ़्लाइट शोर टूल विकसित किया गया है।

अपने डेस्कटॉप या मोबाइल पर प्रारंभिक उड़ान पथ और संबंधित शोर मूल्यांकन देखने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **wsiflightpaths.gov.au** पर उपलब्ध **एयरक्राफ्ट ओवरफ्लाइट शोर टूल (Aircraft Overflight Noise Tool)** पर जाएं। विमान ओवरफ़्लाइट शोर उपकरण विमान के आगमन और प्रस्थान उड़ान पथ दिखाता है और आपको एक पता खोजने और उड़ान पथों की अनुमानित ऊंचाई, उड़ानों की अनुमानित संख्या और शोर की मैपिंग देखने की अनुमति देता है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर डेसिबल में अनुमानित विमान शोर भी शामिल है।

# रनवे 05
# दिन के दौरान आगमन और प्रस्थान

- प्रस्थान करने वाला विमान रनवे 05 से उत्तर-पूर्व दिशा में उड़ान भरता है। आने वाले विमान दक्षिण-पश्चिम से आते हुए रनवे 05 पर उतरता है।
- Orchard Hills (ऑर्चर्ड हिल्स) डिफेन्स प्रतिष्ठान के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बचने के लिए उड़ान भरने के बाद बाएं मुड़ने में देरी की जाती है
- उड़ान भरने के बाद बाएं मोड़ को St Clair (सेंट क्लेयर) के जितना संभव हो सके उतना पश्चिम में ट्रैकिंग करके WSI के उत्तर में आवासीय ओवरफ्लाइट शोर को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- Great Western Highway (ग्रेट वेस्टर्न हाईवे) के आस पास आवासीय क्षेत्रों के लिए विमान के उड़ान शोर को यथासंभव कम करता है। पश्चिम की ओर से प्रस्थान Great Western Highway के उत्तर में होता है।
- रनवे 05 के अंतिम आगमन मोड़ Silverdale (सिल्वरडेल) की निम्न स्तर की उड़ान से बचने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।
- पूर्व की ओर प्रस्थान करने वाले Sydney और Bankstown (सिडनी और बैंकस्टाउन) हवाई अड्डे के यातायात के साथ टकराव से बचने के लिए, पूर्व की ओर मुड़ने से पहले पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम की ओर उड़ान भरते हैं।





**रनवे 05**
दिन के दौरान आगमन और प्रस्थान

आगमन सूचक ऊंचाई AMSL (फीट)
>0 फीट ≈20,000 फीट

सांकेतिक ऊंचाई AMSL (फीट)
>0 फीट ≈20,000 फीट

# रनवे 23
# दिन के दौरान आगमन और प्रस्थान

- प्रस्थान करने वाला विमान रनवे 23 से दक्षिण-पश्चिमी दिशा में उड़ान भरता है। आने वाला विमान उत्तर-पूर्व से आते हुए रनवे 23 पर पर उतरता है।
- Silverdale (सिल्वरडेल) से बचाव करके आवास क्षेत्रों में ओवरफ्लाइट शोर को कम करने के लिए जेट विमान के लिए उड़ान भरने के बाद दाएं मोड़ में देरी की गई है।
- उत्तर की ओर प्रस्थान कम जनसंख्या वाले घनत्व क्षेत्र में Great Western Highway (ग्रेट वेस्टर्न हाईवे) को पार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- सिडनी, Sydney, Bankstown और Camden ((सिडनी, बैंकस्टाउन और ग्रेटर सिडनी) हवाई अड्डे के यातायात के साथ टकराव से बचने के लिए गैर-आवासीय क्षेत्रों पर प्रस्थान दक्षिणी ट्रैक पर ऊंचाई प्राप्त करता है।
- जहां संभव हो उत्तर-पश्चिम विकास क्षेत्रों में वर्तमान और भविष्य के आवासीय क्षेत्रों से बचने के लिए उत्तर से आगमन ट्रैक डिजाइन किए गए हैं।
- पश्चिम से आगमन और प्रस्थान ट्रैक को निचले Blue Mountains (ब्लू माउंटेन) में आवासीय क्षेत्रों से यथासंभव बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।





**रनवे 23**
दिन के दौरान आगमन और प्रस्थान

आगमन सूचक ऊंचाई AMSL (फीट)
>0 फीट — ≈20,000 फीट

सांकेतिक ऊंचाई AMSL (फीट)
>0 फीट — ≈20,000 फीट

# नाइट रेसिप्रोकल रनवे ऑपरेशंस (RRO) आगमन और प्रस्थान

- प्रस्थान करने वाला विमान रनवे 23 से दक्षिण-पश्चिमी दिशा में उड़ान भरता है। आने वाला विमान दक्षिण-पश्चिम से आते हुए रनवे 05 पर उतरता है।
- उपयुक्त मौसम संबंधी स्थितियों और विमान यातायात के स्तर के आधार पर, जब ऐसा करना सुरक्षित होता है तब RRO रनवे मोड का उपयोग रात में किया जा सकता है। यह WSI के तत्काल दक्षिण-पश्चिम में कम घनत्व वाले ग्रामीण और ग्रामीण-आवासीय क्षेत्रों के ऊपर, विमान को कम ऊंचाई पर संचालित करता है।
- RRO रनवे मोड में, प्रस्थान करने वाले विमानों का आने वाले विमानों के साथ टकराव से बचाने और पर्याप्त आगमन/प्रस्थान क्षमता बनाए रखने के लिए जितनी जल्दी हो सके मुड़ना आवश्यक है।
- रात्रि आगमन और प्रस्थान उड़ान पथ Sydney, Bankstown और Greater Sydney (सिडनी, बैंकस्टाउन और ग्रेटर सिडनी) क्षेत्र के अन्य हवाई अड्डों पर रात भर की उड़ान गतिविधियों में कमी के परिणामस्वरूप बढ़े हुए हवाई क्षेत्र की अनुकूलनशीलताओं का लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।
- उत्तर की ओर प्रस्थान कम जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र में ग्रेट वेस्टर्न हाईवे को पार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- दक्षिण और पूर्व की ओर प्रस्थान करने वाले विमान Camden, The Oaks, Picton, Tahmoor और Wilton (कैमडेन, द ओक्स, पिक्टन, तहमूर और विल्टन) से दूर रहते हैं।
- सभी आने वाले विमान आवासीय क्षेत्रों में विमान के उड़ान शोर को कम करने के लिए The Oaks (दी ओक्स) के दक्षिण-पश्चिम और Silverdale (सिल्वरडेल) के दक्षिण में अंतिम पहुँच की ओर मुड़ते हैं।





**नाइट रेसिप्रोकल रनवे ऑपरेशंस (RRO) आगमन और प्रस्थान**
दिन के दौरान आगमन और प्रस्थान

**आगमन सूचक ऊंचाई AMSL (फीट)** >0 फीट — ≈20,000 फीट

**सांकेतिक ऊंचाई AMSL (फीट)** >0 फीट — ≈20,000 फीट

# रनवे 05
# रात्रि के दौरान आगमन और प्रस्थान

- प्रस्थान करने वाला विमान रनवे 05 से उत्तर-पूर्व दिशा में उड़ान भरता है। आने वाला विमान दक्षिण-पश्चिम से आते हुए रनवे 05 पर उतरता है।
- Sydney, Bankstown और Greater Sydney (सिडनी, बैंकस्टाउन और ग्रेटर सिडनी) क्षेत्र के अन्य हवाई अड्डों पर रात भर की उड़ान गतिविधियों में कमी के कारण बढ़े हुए हवाई क्षेत्र की अनुकूलनशीलता का लाभ उठाने के लिए रात्रि आगमन और प्रस्थान उड़ान पथ डिज़ाइन किए गए हैं।
- आवासीय क्षेत्र में ओवरफ्लाइट शोर को कम करने के लिए, उड़ान भरने के बाद बाएं मोड़ की योजना, WSI के उत्तर-पूर्व में St Clair (सेंट क्लेयर) को टालने के लिए की गई है। उत्तरी ट्रैक की ओर प्रस्थान Werrington और St Marys (वेरिंगटन और सेंट मैरीज़) के बीच गैर-आवासीय भूमि पर होगा।
- ग्रेट वेस्टर्न हाईवे के पास आवासीय क्षेत्रों के लिए विमान के उड़ान शोर को यथासंभव कम करता है। पश्चिम की ओर से प्रस्थान Great Western Highway (ग्रेट वेस्टर्न हाईवे) के दक्षिण में होता है।
- दक्षिण और पूर्व की ओर से प्रस्थान ट्रैक Picton, The Oaks, Tahmoor और Wilton (पिक्टन, द ओक्स, तहमूर और विल्टन) से दूर रहते हैं।





**रनवे 05**
रात्रि के दौरान आगमन और प्रस्थान

आगमन सूचक ऊंचाई AMSL (फीट): >0 फीट – ≈20,000 फीट

सांकेतिक ऊंचाई AMSL (फीट): >0 फीट – ≈20,000 फीट

# रनवे 23
# रात्रि के दौरान आगमन और प्रस्थान

- प्रस्थान करने वाला विमान रनवे 23 से दक्षिण-पश्चिमी दिशा में उड़ान भरता है। आने वाला विमान उत्तर-पूर्व से आते हुए रनवे 23 पर उतरता है।
- रात्रि आगमन और प्रस्थान उड़ान पथ को सिडनी, बैंकस्टाउन और ग्रेटर सिडनी क्षेत्र के अन्य हवाई अड्डों पर रात भर की उड़ान गतिविधियों में कमी करने के लिए बढ़े हुए हवाई क्षेत्र की अनुकूलनशीलता का लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।
- Silverdale और Wallacia (सिल्वरडेल और वालेसिया) के दक्षिण और पश्चिम से गुजरने तक प्रस्थान करने वाले विमान को उत्तर की ओर मुड़ने में देरी होती है।
- उत्तर से आने वाले विमान को ग्रेट वेस्टर्न हाईवे को कम जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र से पार करने के लिए में डिज़ाइन किया गया है।
- पूर्व की ओर प्रस्थान करने वाले विमान Camden, Menangle, और Bundeena (कैमडेन, मेनांगले और बुंदेना) के दक्षिण में रहता है।




**रनवे 23**
रात्रि के दौरान आगमन और प्रस्थान

आगमन सूचक ऊंचाई AMSL (फीट)
>0 फीट ≈20,000 फीट

सांकेतिक ऊंचाई AMSL (फीट)
>0 फीट ≈20,000 फीट

## अगले कदम

प्रारंभिक WSI उड़ान पथ देखने के लिए **wsiflightpaths.gov.au** पर उपलब्ध **एयरक्राफ्ट ओवरफ़्लाइट शोर टूल** का उपयोगकरें और साथ ही यह देखने के लिए भी कि वे विशिष्ट पते या रुचि के स्थानों को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

EIS का ड्राफ्ट देखने और ड्राफ्ट EIS प्रक्रिया, उड़ान पथ डिजाइन प्रक्रिया, वीडियो और आगामी सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों के विवरण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **wsiflightpaths.gov.au** पर WSI हवाई क्षेत्र और उड़ान पथ डिजाइन **ऑनलाइन सामुदायिक पोर्टल** पर जाएं।

**wsiflightpaths.gov.au** पर **ऑनलाइन सामुदायिक पोर्टल** पर शोर इन्सुलेशन और संपत्ति अधिग्रहण नीति का ड्राफ्ट और प्रारंभिक उड़ान पथों पर EIS का ड्राफ्ट देखें, और एक औपचारिक प्रस्तुतिकरण (सब्मीशन) करें।

और अधिक जानने के लिए हमारे सामुदायिक सूचना और फीडबैक सत्रों में भाग लें और टीम के किसी सदस्य से बात करें। अपने आस-पास आगामी सामुदायिक सूचना कार्यक्रम देखने के लिए **wsiflightpaths.gov.au** पर **ऑनलाइन सामुदायिक पोर्टल** पर जाएँ। आप कार्यक्रमों के विवरण के लिए **1800 038 160** पर कॉल भी कर सकते/ती हैं।

## अपनी बात रखें

यदि आप प्रारंभिक उड़ान पथ और ड्राफ्ट EIS पर औपचारिक प्रस्तुतिकरण करना चाहते/ती हैं, तो आप निम्न तरीके से ऐसा कर सकते/ती हैं:

- **wsiflightpaths.gov.au** पर **ऑनलाइन सामुदायिक पोर्टल**।
- **eis.submissions@infrastructure.gov.au** पर **ई-मेल करके**
- **डाक द्वारा इस पते पर भेजकर** Attn: WSI Flight Paths Team, GPO Box 594, CANBERRA ACT 2601.

EIS को अंतिम रूप देने में आपकी प्रतिक्रिया पर विचार किया जाएगा।

अंतिम EIS को प्रदर्शनी अवधि के दौरान प्राप्त किसी भी टिप्पणी का ध्यान रखना होगा और *पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संरक्षण अधिनियम 1999* (Cth) के तहत इसमें टिप्पणियों का सारांश और टिप्पणियों को कैसे संबोधित किया गया है, यह होना अनिवार्य है।

EIS का ड्राफ्ट **wsiflightpaths.gov.au** पर ऑनलाइन सामुदायिक पोर्टल पर उपलब्ध है। यदि आप WSI उड़ान पथों के बारे में सूचित रहना चाहते/ती हैं और परियोजना के बारे में सूचनाएं प्राप्त करना चाहते/ती हैं, तो आप QR कोड को स्कैन करके ईमेल अपडेट के लिए साइन अप कर सकते/ती हैं।

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

प्रारंभिक उड़ान पथों को अधिक विस्तार से देखने के लिए **wsiflightpaths.gov.au** पर **एयरक्राफ्ट ओवरफ़्लाइट नॉइज़ टूल** पर जाएँ।

EIS का ड्राफ्ट और परियोजना की जानकारी हमारे **ऑनलाइन कम्युनिटी पोर्टल**: **wsiflightpaths.gov.au** पर देखें

अपने प्रश्न **हमें wsiflightpaths@infrastructure.gov.au** पर **ईमेल करें**

**हमें 1800 038 160** पर **कॉल करें**

**और अधिक जानने के लिए हमारे सामुदायिक सूचना और फीडबैक सत्रों में भाग लें और हमारी टीम के किसी सदस्य से बात करें।**

आप भाग लेने के लिए **wsiflightpaths.gov.au/visit-us** के माध्यम से पंजीकरण कर सकते/ती हैं

# Information in your language

## Translating and Interpreting Service (TIS National)

If you require the services of an interpreter, please contact the Translating and Interpreting Service on **131 450** and ask them to call the WSI Flight Paths team on **1800 038 160**.

Nếu quý vị cần thông dịch viên, vui lòng gọi cho Dịch vụ Thông Phiên dịch (Translating and Interpreting Service) qua số **131 450** và yêu cầu họ gọi cho đội ngũ phụ trách Đường bay Sân bay Quốc tế Western Sydney (Western Sydney International Airport Flight Paths) qua số **1800 038 160**.

如果您需要口译服务，请致电 **131 450** 联系笔译与口译服务署（Translating and Interpreting Service），并请他们拨打 **1800 038 160** 联系西悉尼国际机场飞行路径团队（Western Sydney International Airport Flight Paths）

यदि आपको दुभाषिए की सेवाओं की ज़रूरत है, तो कृपया **131 450** पर अनुवाद और दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) से संपर्क करें और उनसे **1800 038 160** पर पश्चिमी सिडनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उड़ान पथ (Western Sydney International Airport Flight Paths) टीम को कॉल करने का अनुरोध करें।

إذا كنت بحاجة لخدمات الترجمة الشفوية، فيرجى الاتصال بخدمة الترجمة الكتابية والشفوية (Translating and Interpreting Service) على الرقم **١٣١ ٤٥٠** وأطلب منهم الاتصال بالفريق المعني بمسارات الطيران في مطار سيدني الغربية الدولي (Western Sydney International Airport Flight Paths) على الرقم **١٨٠٠ ٠٣٨ ١٦٠**

Kung kailangan mo ng mga serbisyo ng isang tagasaling pasalita (interpreter), mangyaring makipag-ugnayan sa Serbisyo ng Pagsasaling Pasulat at Pasalita (Translating and Interpreting Service) sa **131 450** at hilingin sa kanila na tawagan ang pangkat ng Mga Landas ng Paglipad sa Paliparang Internasyonal ng Western Sydney (Western Sydney International Airport Flight Paths) sa **1800 038 160**.

## View this brochure in languages other than English

Please scan this QR code to view information in languages other than English.

Vui lòng quét mã QR này để xem thông tin bằng các ngôn ngữ khác ngoài tiếng Anh.

请扫描二维码查看中文信息。

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में जानकारी देखने के लिए कृपया यह QR कोड स्कैन करें।

يُرجى مسح رمز الاستجابة السريعة QR code هذا لعرض المعلومات بلغات أخرى غير الإنجليزية.

Paki-scan ang QR code na ito para makita ang impormasyon sa ibang wika maliban sa Ingles.